## कटनी-सतना मार्ग पर झुकेही मोहन नगर में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

# कोहरा बना जानलेवा, पिकअप व टैंकर में भिड़ंत, 3 की मौत, आठ लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बदमिजाज मौसम के बीच घने कोहरे की वजह से एक भीषण हादसा हो गया। कटनी सतना मार्ग पर पिकअप और टैंकर में टक्कर हो गई। पिकअप वाहन में मंडला जिले के एक दर्जन से अधिक मछुआरे सवार थे। दोनो वाहनों की सीधी भिडंत में पिकअप सवार तीन मछुआरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आठ को गंभीर रूप से घायल अवस्था में कुठला पुलिस ने वाहन से निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जाता है की भीषण टक्कर के कारण सभी घायल वाहन में फंसे हुए थे। जिन्हें सूचना मिलने के बाद पहुंची कुठला पुलिस ने काफी देर की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार पिंडरई मंडला से बर्मन परिवार के एक दर्जन लोग बाणसागर में मछली पकड़ने का काम करने गए हुए थे। काम करने के बाद गुरुवार को सभी पिकअप में सवार होकर अपने घर पिंडरई लौट रहे थे। शुक्रवार की सुबह पांच बजे के लगभग वे



झुकेही थाना अमदरा के पास मोहन नगर के समीप पहुंचे। इसी दौरान ढाबे के पास पिकअप वाहन की टैंकर क्रमांक सीजी 10 बीएन 1584 से सीधे जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकी आठ मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### हादसे में इनकी हुई मौत

बताया जाता है कि भीषण सड़क हादसे में मंडला जिले के शाहपुरी ग्राम निवासी 18 वर्षीय छोटू बर्मन पिता गणेश बर्मन, मंडला जिले के डोंगरिया गांव निवासी 24 वर्षीय रोहित धुर्वे पिता अशोक धुर्वे के अलावा एक 35 वर्षीय अज्ञात पुरुष की मौत हुई है।

### ये हुए घायल

अंजली बर्मन पति राजेन्द्र 24 साल, उमेश पिता मूलचंद बर्मन 24 साल, गौरी पिता राजेन्द्र बर्मन 6 माह, राजेन्द्र पिता दीपचंद 32 साल, सभी निवासी टिकरिया मंडला, राजकुमार पिता गुलाब बर्मन 16 वर्ष जेतपुरी मंडला, बद्री पिता बड्डी बर्मन 50 साल पिंडरई मंडला, रोहित पिता अज्जू बर्मन 22 साल, विजय पिता गणेश बर्मन 25 साल पिंडरई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कुठला पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना में घायल अंजली, रोहित और उमेश को जबलपुर रेफर कर दिया गया। शव पीएम को रखवाए गए हैं और स्वजनों को सूचना दी गई है।

### कुठला पुलिस मौके पर पहुंची

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए घायलों ने बताया कि हादसे के बाद सभी घायल पिकअप वाहन में बुरी तरह फंसे हुए थे। राहगीरों ने घटना की सूचना कुठला पुलिस को दी। जिसके बाद तत्काल ही थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के साथ थाने का स्टाफ घटनास्थल पर जा पहुंचा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सुरक्षित किसी तरह बाहर निकाला और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे का शिकार हुए दोनों ही वाहनों को जप्त कर झुकेही चौकी के सुपुर्द किया गया है।




# बाइक सवार दो युवकों से 55 हजार का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस ने बाईपास में बाइक सवार दो युवकों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। बाइक सवार जबलपुर से गांजे की खेप लेकर सड़क मार्ग जा रहे थे। पकड़े गए दोनो तस्करों से पुलिस ने बाइक सहित 1 लाख का माल बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ करते हुए गांजा तस्करी की जानकारी जुटाई जा रही है।

कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद फरोख्त पर प्रतिबंध लगाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के आधार पर गत दिवस एडि एसपी, सीएसपी श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना के आधार पर कुठला पुलिस की टीम के द्वारा बाईपास में संदिग्ध बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर बाइक सवार मानेगांव रांझी जबलपुर निवासी 24 वर्षीय अमित पिता दयाराम काछी एवं लखनादौन सिवनी निवासी 32 वर्षीय सतीश पिता कैलाश कुशवाहा के पास से लगभग 55000 रुपए कीमती साढ़े 5 किलो गांजा एक पैकेट में जप्त किया गया। आरोपी बाइक क्रमांक एमपी एनएम 7825 के जरिए गांजे की खेप लेकर पहुंचे थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए गांजा और बाइक जप्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ 8/ 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपितों से पूछताछ जारी है।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा वादा खिलाफी करने पर करें संघर्ष

**कटनी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का सतना कार्यक्रम के दौरान कटनी अल्पप्रवास हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा बड़े हनुमान मंदिर के समक्ष स्वागत किया गया। श्री पटवारी द्वारा जल्द कटनी अकार संगठनात्मक बैठक लेने को कहा व सभी कार्यकर्ताओं भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए वादे अनुरूप वादाख़िलाफ़ी करने पर सड़को पर उतरकर संघर्ष करने की बात कही। इस दौरान ज़िला शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशू मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय कमल पांडेय, आनंद पटेल, पूर्व प्रदेश महासचिव द्वय प्रियदर्शन गौड़, राकेश जैन, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विजय पटेल, कार्यवाहक अध्यक्ष राज जगवानी, एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मिश्रा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### थानों और चौकियों की सीमाओं का निर्धारण करेगी कलेक्टर समिति

**कटनी।** राज्य शासन ने आदेश जारी कर जिले में थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार जिला कलेक्टर समिति को दे दिया है। गुरुवार को गृह विभाग से जारी आदेश में सीमाओं के पुनर्निर्धारण की कार्यवाही आगामी 15 जनवरी तक करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश में थानों और चौकियों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में अनुभाग और जिला स्तर पर बैठकें आयोजित कर जन-प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। सचिव गृह ने 30 जुलाई, 2010 के निर्देशानुसार गठित समिति को थानों और चौकियों का पुनर्निर्धारण लोकहित में युक्ति-संगत तरीके से करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में नये थानों का सृजन किया गया है। सृजन के बाद थानों की सीमाओं को युक्ति-संगत बनाने के लिये पुनर्निर्धारण की आवश्यकता है। निर्देशानुसार 7 फरवरी, 2024 तक सीमा पुनर्निर्धारण संबंधी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना को गृह विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

### स्वास्थ्य शिविर में 2130 को किया लाभान्वित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के दौरान आयोजित हो रहे शिविरों में जिला आयुष अधिकारी डॉ० रितु द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि शिविर के दौरान विभाग के माध्यम से प्रदाय की जाने जाने वाली सुविधाओं एवं योजनाओं (योग प्रशिक्षक द्वारा योग के माध्यम से होने वाले लाभ एवं आयुष चिकित्सको द्वारा आयुष औषधियों के उपयोग की विस्तृत जानकारी आम जन को उपलब्ध करायी जा रही है। विभाग द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सहयोग एवं समन्वय से शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 19 दिसंबर 2023 से 3 जनवरी 2024 तक विभिन्न ब्लॉकों में आयुष औषधालयों के माध्यम से 22 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है जिससे अब तक 2130 ग्रामीण जन लाभांवित हुऐ है। आगाती 25 जनवरी तक यह कार्यक्रम लगातार जारी रखा जाकर आमजन को आयुष पद्धति से उपचार एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जावेगा।

## कलेक्टर द्वारा गठित दल द्वारा की गई कार्यवाही

# धान व गेहूं के अवैध परिवहन व भंडारण पर 41 हजार का लगाया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में अन्य जिलों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाई जाने वाली अवैध धान पर सख्ती से रोकथाम के लिए वन एवं खनिज जांच नाकों में कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल तैनात किये जाकर वाहनों को रोकने और अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखने का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अवैध कृषि उपज के भंडारण की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जारी है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन समितियों को सख्त निर्देश है कि उपार्जन केन्द्रों मे केवल जिले के किसानों का ही धान समर्थन



मूल्य पर खरीदी जाए।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त जांच नाकों में अवैध अनाज परिवहन और क्रय विक्रय और भंडारण के मामलों की निगरानी कर रहे उडनदस्ता दल द्वारा विगत दिवस पन्ना रोड हाईवे में वाहनो के निरीक्षण के दोरान पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड.के. 2784 ग्राम रैपुरा जिला पन्ना से कटनी के लिए 40 क्विंटल अवैध परिवहन हो रही धान को जब्त करनें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 43.20 क्विंटल धान तथा 120 क्विंटल गेहूॅं का अवैध भंडारण पाये जाने पर कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में तीनों प्रकरणों में दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 41 हजार 738 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है।

### जांच दल में ये शामिल

जांच दल मे सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार मांझाी, राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर कुमार पनिका, अमित केशरवानी की मौजूदगी रहे।

## उपार्जन केन्द्रों में धान को बचाने तिरपाल से ढंका



समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान को बेमौसम बारिश से सुरक्षा के लिए उपार्जन केंद्रों पर समस्त उपाय किए गए हैं । परिवहन कार्य में तेजी लाई गई है, वहीं खरीदी केंद्र में परिवहन से बची धान को तिरपाल से ढंक कर सुरक्षित किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने मौसम के वर्तमान हालात को देखते हुए समुचित सुरक्षा के उपाय करने जिला पंजीयक सहकारी समिति, धान खरीदी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने और बारिश होने की स्थिति में धान की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने के भी निर्देश दिए हैं।

## नगरवासियों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट से मिलेगी निजात

# इमलिया खदान से कटायेघाट फिल्टर हाउस पानी पहुंचाने की टेस्टिंग पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वैकल्पिक जलस्त्रोत इमलिया खदान के पानी को फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने की टेस्टिंग का कार्य बीते गुरुवार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसी के साथ शहरवासियों को गर्मियों में होने वाले पेयजल संकट की वर्षों पुरानी समस्या के निराकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

शहर को ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट से निजात दिलाने की कार्ययोजना के तहत मुड़वारा विधायक श्री संदीप जायसवाल और कलेक्टर अवि प्रसाद की कोशिशें कामयाब हुई। इसके लिए किये गये भागीरथ प्रयासो के परिणाम की झलक दिखाई भी देने लगी है।

बताते चलें कि इमलिया खदान से कटायेघाट फ़ल्टिर प्लांट तक पानी लाने की कार्ययोजना को क्रियान्वित करने विधायक श्री जायसवाल द्वारा 50 लाख रूपये की राशि विधायक निधि से दी गई थी। जबकि कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 2 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए थे।

### दूरगामी सोच के परिणाम

इमलिया खदान का पानी पहुंचा कटायेघाट फिल्टर प्लांट तक लाने के कार्य की कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा की गई सतत समीक्षा की वजह से ही पाइपलाइन विस्तार कार्य की सफलतापूर्ण टेस्टिंग संपन्न हो सकी है।

इसके लिए इमलिया खदान से कटायेघाट फ़ल्टिर प्लांट तक करीब 4 किलो मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई गई है। इससे अब वैकल्पिक जलस्त्रोत के माध्यम से गर्मियों के मौसम में होने वाले पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। समस्या के निदान की सौगात नगरवासियों को नूतन वर्ष पर मिली है।

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने की कार्यवाही

# रेत के अवैध उत्खनन पर तीन हाईवा वाहनों को थाना में कराया गया खड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं ओवरलोडिंग की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज विभाग को इस दिशा में सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।

कलेक्टर श्री प्रसाद से प्राप्त निर्देशों के आधार पर गत रात्रि खनिज इंस्पेक्टर अशोक मिश्रा ने पुलिस बल के साथ विभिन्न खदानों का औचक निरीक्षण करते हुए छापमार कार्यवाही की। निरीक्षण के दौरान तीन हाईवा को मात्रा से अधिक रेत लोड कर ले जाते हुए पकड़ा गया। जप्त किए गए सभी हाईवा को एनकेजे थाने में खड़ा



कराया गया है। जिनके विरूद्ध प्रकरण तैयार कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जा रही है।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए खनिज इंस्पेक्टर अशोक मिश्रा ने बताया कि गत 4 जनवरी 24 को खनिज अमला कटनी एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए पुलिस बल द्वारा सयुक्त रूप से तहसील बड़वार के अंतर्गत आने वाले नदी घाट, संगम घाट एवं अन्य घाटों का रात्रि में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनिज रेत के अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु औचक भ्रमण निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान हाईवा क्रमांक CG 04 NS 4024, डमफर क्रमश : UP 95 B 2544, एवं MP 20 GA 6679 वाहनों हेतु जारी ETP में दर्ज मात्रा से अधिक खनिज रेत लोड कर परिवहन करते पाया गया।

उक्त तीनों वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए थाना NKJ में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। वाहनों से नियमानुसार जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जा रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि आगामी दिनों में इस तरह की छापा मार कार्यवाही आगे भी की जाएगी और ओवरलोडिंग एवं अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए कार्यवाही की जाएगी।

## कटनी के युवाओं के भविष्य को दिशा देने जिला प्रशासन की अभिनव पहल

# कलेक्टर ने बारहवीं के बाद छात्रों को मार्गदर्शन देने तैयार कराई कैरियर गाईड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

छात्र जीवन में बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करना जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने छात्रों की बोर्ड परीक्षा के परिणामों की बेहतरी के लिए किये गए स्कूलों के भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं से चर्चा के दौरान इस समस्या को महसूस किया कि अधिकांश छात्र -छात्राएं बारहवीं के बाद क्या करेंगे की,समस्या से जूझ रहे है। ऐसे में कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों की इस मनःस्थिति और मनोभावों को समझते हुए उनकी दुविधाओं को दूर करने के लिए कैरियर गाईड बुकलेट तैयार कराई है।

बारहवीं के बाद अधिकांश युवाओं को समझ नहीं आ पाता कि वो किस विषय का चुनाव करें। काफी स्टूडेंटस खुद को दोराहे पर खड़ा हुआ पाते हैं। एक तरफ उनके सपने होते हैं, तो दूसरी तरफ अभिभावकों की अपेक्षाएं। ऐसे में अगर आप भी सोच रहे है कि बारहवी के बाद क्या करें ? तो फिर यह कैरियर गाईड बुक आपको एक पूर्ण और समृद्ध भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करने मे बड़े काम की साबित होगी। अभी हालात ये थे कि कई मेधावी व प्रतिभासंपन्न छात्र भी बारहवीं के बाद के कैरियर के विकल्पों की जानकारी के आभाव में कई विशिष्ट क्षेत्रों और कोर्स से वंचित रह जाते हैं, जिनके लिए वे वास्तव में पात्र होते हैं।

जिले के युवाओं को बेहतर कैरियर विकल्प चयन हेतु मदद करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गुगालिया चेरेटेबल ट्रस्ट की मदद से कैरियर गाईड बुकलेट तैयार कराई गई है। ताकि युवा बिना किसी उलझन के सभी विकल्पों की जानकारी हासिल कर अपनी रूचि व पसंद के क्षेत्र




का चयन कर अपना भविष्य संवार सकें।

### सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध, शीघ्र प्रिंट होगी पुस्तिका

शासकीय तिलक महाविधालय कटनी के प्राचार्य की एक विशेष टीम के माध्यम से इस पुस्तिका में प्रदाय की जा रही जानकारी का सत्यापन कराया गया है। इस पुस्तिका की सॉफ्ट कॉपी आज कटनी जिले के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। आने वाले दिनों में इस पुस्तिका की प्रतियां प्रिन्ट करा कर समस्त छात्रावासों एवं समस्त हायर सेकेण्डरी स्कूलों को उपलब्ध कराई जावेगी। ताकि विद्यार्थी एवं युवा इसका अधिक से अधिक उपयोग कर अपने मनचाहे कैरियर का चयन कर सकें।

### ये पाठ्यक्रम है शामिल

इस पुस्तिका में कृषि एवं पशु चिकित्सा विज्ञान, वास्तुकलॉ, मानवता एवं सामाजिक विज्ञान, व्यवसाय प्रबंधन, वाणिज्य, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिजाइन और फाईन आर्ट, जल-थल व वायु सेना में भर्ती, इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी, हॉटेल प्रबंधन, पर्यटन, कानून, मॉस कम्यूनिकेशन, चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा, पैरामेडिकल विज्ञान, कला प्रदर्शन, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, ड्रोन सेक्टर के साथ- साथ अन्य उपयोगी एवं अत्याधुनिक पाठयक्रमों को सम्मिलित किया गया है।

### जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

जिला प्रशासन कटनी द्वारा तैयार कराई गई पुस्तिका में सांसद खजुराहों विष्णुदत्त शर्मा, सांसद शहडोल श्रीमति हिमाद्री सिंह ,विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुडवारा संदीप जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय एवं विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा जिले के विद्याथियों एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कटनी के छात्र-छात्राओं के सपनों को पंख देने के प्रयास में तैयार की गई इस कैरियर गाइड बुकलेट को सोशल मीडिया पर शेयर कर अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने जारी की 3.78 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की जारी

**कटनी।** जिला प्रशासन द्वारा पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड और ई केवाईसी कार्य कराए जाने का सिलसिला निरंतर ग्राम पंचायत स्तर पर कराया जा रहा है। इस कार्य हेतु जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्राम पंचायतों में कार्य कर रहे 305 ग्राम रोजगार सहायकों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए 3,78,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की है। उल्लेखनीय है कि जिले द्वारा 3 लाख पीवीसी आयुष्मान कार्ड की ई केवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य हेतु राज्य स्तर से ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा किए गए कार्य के पारिश्रमिक भुगतान हेतु राशि प्राप्त हुई थी। फलस्वरूप जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने राशि रिलीज करते हुए 15 जनवरी के पूर्व शेष बचे हुए आयुष्मान कार्ड और ई केवाईसी कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम रोजगार सहायकों से पूरे उत्साह, निष्ठा और परिश्रम से शेष कार्य को नियत समय सीमा में पूर्ण करने को कहा है ताकि आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों को इससे होने वाले हित लाभ प्राप्त हो सके।

### ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर दिया अंतिम नोटिस

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने ठेकेदार मेसर्स अमेन आई टी एण्ड प्रोजेक्ट साल्यूशन मूँगाबाई कालोनी कटनी को 07 दिवस में बीडी अग्रवाल वार्ड में दिनेश चौधरी के घर से रेशू सिंह के घर तक पेवर ब्लाक फ्लोरिंग एवं नाली निर्माण कार्य करने एलओए जारी कर परफारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा करते हुये 15 दिवस में अनुबंध करने हेतु सूचित किया गया था। निगमायुक्त शुक्ल द्वारा अंतिम रूप से चेतावनी पत्र जारी कर 07 दिवस के अंदर उक्त कार्य की परफारमेंस गारंटी एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा करने अनुबंध निष्पादित करने स्वीकृति निविदा निरस्त करने जमा अमानत राशि राजसात करने तथा नगरपालिक निगम कटनी की निविदाओं में भाग लेने हेतु 02 वर्ष तक के लिए प्रतिबंधित किये जाने के अंतिम निर्देश दिये।

### विधायक ने दौरा कर सुनी समस्याएं, समाधान हेतु निर्देशित



**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के गुड़ा गोपालपुर ,लालपुर ,घाना ,सुनारखेड़ा में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का प्रथम आगमन हुआ । लोगों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक सिंह ने जनता की समस्याओं को बहुत सहजता से सुनकर तुरंत ही फोन पर अधिकारियों से बात कर उनके समाधान करने निर्देशित किया है । वही बड़वारा विधायक गोपालपुर एवँ लालपुर के विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में भी शामिल हुए । ग्राम पंचायत सरपंच साकेत लोनी ने बताया कि सरकारी स्कूल भवन जर्जर हो चुके है एवं आंगनवाड़ी भवन में बाउन्ड्री वाल नही से बहुत दिक्कत हो रही है । विधायक ने पंचायत से समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रस्ताव बनाकर देने के साथ ग्रामीणों को भी ग्राम पंचायत का सहयोग कर ग्राम विकास कराने की बात की है । इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशान्त राय ,अनिल पांडे संयोजक ,मनीष बगरी महामंत्री , सरपंच अनिल बागरी सैयद अहमद अली ,सोनल मिश्रा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन आज

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जानकारी देते हुए बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के संबंध में विचार विमर्श हेतु शनिवार 6 जनवरी को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

### गलाव भरी ठंड से राहत के लिए दिन में भी अलाव का लेना पड़ रहा सहारा

# रिमझिम फुहारों और शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन, घरों में दुबके लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कड़ाके की ठंड के बीच अचानक हुई बारिश से लोग कंपकंपाने पर मजबूर हो गये। शुक्रवार की सुबह व शाम रिमझिम फुहारों से मौसम में बर्फ सी ठंडक घुल गई। बारिश के बाद शीतलहर से लोगों की कंपकंपी छूट गई। दिन भर बदली छाई रही और धूप न निकलने से ठिठुरन भी बढ़ गई। इससे पारे में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों ने पूर्व में ही बारिश होने की आशंका जताई थी। आगामी दिनों में भी हल्की बारिश के आसार हैं। बीते करीब सप्ताह भर से मौसम बिगड़ा हुआ है। तीन दिनों से बादल छाए हुए हैं शुक्रवार की सुबह व शाम को रिमझिम बारिश होने लगी। बारिश के कारण बढ़ी ठंड से लोग कंपकंपा उठे। बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ठंड बढ़ने से सड़कों पर भी आवागमन कम हो गया। बादल छाए रहने से दिन में भी लोगों को परेशानी हुई। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे।

बारिश की वजह से ठंड बढ़ गई है। ऐसे में संभल कर रहने की जरूरत है। बाहर निकलते समय सावधानी बरतें। मौसम के अनुसार कपड़ों का चयन करें। दस्ताने और मौजे पहनें। बच्चों का विशेष तौर पर ध्यान रखने की जरूरत है। छोटे बच्चे को सुबह व सायं जमीन या फर्श पर नंगे पैर ना उतरने दें।

पिछले दो तीन दिनों से लगातार सर्दी का कहर बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगों को जन जीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो गया है। शुक्रवार की सुबह तो आलम यह हो गया था कि लोग अपने घरों से निकलने की जहमत भी नहीं उठा सके। ठंड की वजह से नगर का बाजार भी देर से खुला।

जनवरी माह में ठंड अपने पूरे तेवर दिखा रही है। ठंड अधिक होने के चलते दिन के समय भी अलाव जल रहे हैं। रास्ते में चलने वाले लोग जगह जगह अलाव सेकते दिखाई दिए। जैसे ही लोग अलाव से अलग हटते तो ठंड की वजह से हाथ पैर सुन्न पड़ जा रहे थे। ठंड की वजह से सड़कों पर बाइक सवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शीतलहर की वजह से किसान भी अपने खेतों पर काम करने नहीं गए। दिन भर अधिक हाड़ कंपा देने वाली ठंड बढ़ गई है जिसकी वजह से कामकाजी लोग जल्द ही अपना काम निपटा कर घरों को लौट गए।

पिछले करीब एक सप्ताह से कोहरा व कड़ाके की सर्दी से किसानों के चेहरे पर रौनक है। क्योकि इस कड़ाके की ठंड से गेंहू की फसल को फायदा होता है। किसानों ने बताया कि जितनी अधिक सर्दी पड़ेगी उतना ही गेंहू की फसल अच्छी होगी।



## सीवर लाइन का कार्य शीघ्र ओके करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरपालिक निगम सीमांतर्गत राम निवास सिंह वार्ड, सी.एल.पी वार्ड,एवं वंशस्वरूप वार्ड में विभिन्न स्थानों में सी.सी.सडक का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है,इसके पूर्व सीवर लाईन का कार्य पूर्ण होना आवश्यक है । उक्त वार्डों में कार्य की वस्तुस्थिति का जायजा लेने पंहुचे निगमाध्यक्ष मनीष पाठक,स्थन पर उपस्थित सीवर प्रोजेक्ट के कर्मचारी को कार्य शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए ।

वार्डो में भ्रमण के दौरान निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें स्थल पर उपस्थित जल प्रदाय के कर्मचारी महेन्द्र उपाध्याय को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड की मूलभूत सुविधाओं में से एक जलापूर्ति भी है सीवर लाईन के कार्य के दौरान पानी की सप्लाई लाईन न हो छतिग्रस्त इस बात का रखें ध्यान वार्डो में पानी की सप्लाई बाधित न हो ।

राम निवास सिंह वार्ड में कुछ स्थानों पर प्रकाष व्यवस्था हेतु विद्युत पोल लगाये जा चुके है किन्तु वायर डालकर लाईट नहीं लगाई गई है इस बात पर नाराजगी व्यक्त करतें हुए निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें विद्युत विभाग के उपयंत्री को प्रकाश व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करानें हेतु दूरभाष पर निर्देशित किया । निगमाध्यक्ष नें वार्ड में भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था भी देखी संबंधितों को नियमित रुप से प्रतिदिन वार्ड में साफ- सफाई,कीट नाशक दवाईयों का छिडकाव कराए।

### कंजिया में टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

## रामपुर की टीम ने पाराखेड़ा को 66 रन को हराकर जीता उद्घाटन मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी



समीपस्थ ग्राम पंचायत कंजिया में 10 दिवसीय के पी एल टेनिस बॉल क्रिकेट का उद्घाटन सनी स्पोटिंग क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी ने फीता काटकर एवं ट्रॉफियों का अनावरण कर टूर्नामेंट की शुरुआत की पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुरने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खिलाड़ियों को खिलाड़ी भावना से खेलने का आग्रह किया खेल मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश सोनी ने बताया फिल्म मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है इसके बिना जीवन अधूरा है खेलों से हर व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है प्रसन्न रह सकता है खेल का नाम आते ही खिलाड़ी को रोमांचित हो जाते हैं दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेते हैं खेलों से प्रसन्नता भी मिलती है जो मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत उपयोगी है हर व्यक्ति को कोई ना कोई खेल खेलना चाहिए

शुक्रवार को पहला मैच 10-10 ओवरों का मैच खेला गया जिसमें रामपुर टीम ने पाराखेडा क्रिकेट टीम को 66 रनों से हराकर अगली दौर में प्रवेश किया रामपुर की टीम में तक जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 166 रन बनाए सभी बल्लेबाजों में धुआंधार बल्लेबाजी की जवाबी पारी खेलने उतरी परखेडा 99 रन बनाकर आउट हो गई। इस कार्यक्रम में बंसी सिंह ठाकुर सरपंच कछार गांव कल्लूजैन जनपद सदस्य अखिलेश राजभर राकेश दुबे कैलाश दुबे राम शंकर पटेल ग्राम सरपंच ग्राम पंचायत पिपरियासदा सिंह बागरी सहितबड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे आयोजक शिवेंद्र प्रताप सिंह पवन दीक्षित सतीश दुबे सत्यनारायण दुबे मेघराज तिवारी बिहारी दुबे रामलाल दुबेको सभी लोगों ने बधाई दी टूर्नामेंट के कमेंटेटर का संतोष दुबे का भी लोगों ने स्वागत कियाऐसे आयोजन पर आप अपने गांव ख्याति यस दूर-दूर तक फैला रहे हैं इसके लिए सभी को बधाई दी।

### सुख शांति व समृद्धि के लिए शिविर का आयोजन



बड़वारा तहसील की ग्राम बसाडी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन के उप शाखा में प्रभारी बी के किरण बहन के नेतृत्व में सुख शांति और समृद्धि के लिए चार दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया । बीके विनोद भाई ने सभी को राजयोग का अभ्यास करते हुए , गहन शांति की अनुभूति कराते हुए कहा कि आज लोगों के पास तमाम सुख सुविधाओं .के साधन है लेकिन मानसिक शांति नहीं है राजयोग के अभ्यास से हमारा मन शांत होता है और विचारों में सकारात्मकता आती है। आप सभी राजयोग के अभ्यास सीखकर अपने जीवन को सुख शांति और आनंदमय बना सकते हैं । शिविर समापन पर सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि राजयोग अंतरजगत की यात्रा है । इस रूहानी यात्रा में हम सीधे परमात्मा से संवाद कर सकते हैं । राजयोग आत्मा परमात्मा का मंगल मिलन कर जीवन को दिव्य गुण संपन्न बनाता है ।शिविर के अंत में सभी को भोग वितरित किया गया ।

## पार्षद पद के 7 अभ्यर्थियों को सूचना पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय निकाय उप निर्वाचन में पार्षद अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) नाम निर्देशन प्रस्तुत किये जाने के तिथि से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तिथि तक दिन प्रतिदिन के व्यय का निरीक्षण कराये जाने के प्रावधान है। इसके तहत अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन व्यय के दिन प्रतिदिन के लेखे का रजिस्टर संबंधित व्हाउचरों तथा देयकों के साथ किसी भी समय, रिटर्निंग ऑफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रेक्षक या आयोग द्वारा इस संबंध मे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मांग करने पर, तत्काल निरीक्षण के लिए पेश किया जायेगा और ऐसा करने में असफलता को अभ्यर्थी की ओर से इस आदेश का अनुपालन करने में एक गंभीर चूक माना जायेगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने बताया कि जारी निर्देशों के परिपालन में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कटनी के आदेशों के माध्यम से 03 जनवरी को समाचार पत्रों मे भी सूचना का प्रकाशित कराया गया एवं कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से भी अवगत कराया गया है, किन्तु इसके बावजूद भी पार्षद पद के 7 अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित तिथि में निर्वाचन व्यय का लेखा निरीक्षण कराये जाने मे असफल रहने एवं अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर निर्धारित प्रोफार्मा मे व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगर निगम उप निर्वाचन में महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पद के 3 अभ्यर्थियों अनिल मिश्रा अनिलेश भैया, जानकारी राजाराम यादव एवं सचिन कुमार बहरे सहित राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 36 के 4 पार्षद अभ्यर्थियों अनिल नाकरा, इस्तियाक भाई, लव साहू एवं ज्योति चौधरी के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 14-ख और मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32 -ख में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा जारी सूचना पत्र में पार्षद पद के अभ्यर्थी को दो दिवस के अंदर स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय का लेखा एवं जवाब प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित कर अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही का लेख किया गया है।

### सीईओ ने गठित दल के साथ बैगा परिवारों से किया संवाद

## सर्वेक्षण कर जुटाई जानकारी बैगा समुदाय को उपलब्ध होंगे पक्के आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर गठित दलों के सर्वेक्षण के उपरांत ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा विकास खंडों के ग्राम कोठी, मार सिहुंडी, छीतापाल ,कारोपानी, मझगवा, हररई, कन्नौर और पथवारी के पिछड़ी जनजाति के बैगा,सहरिया एवं भारिया परिवारों को सर्वेक्षण और पंजीयन के उपरांत पात्र पाए जाने पर पक्के आवास प्रदान किए जाएंगे।

शुक्रवार को जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ,प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बीसी दीपक राहंगडाले और गठित दल के सदस्यों ने जनपद पंचायत क्षेत्र ढीमरखेड़ा के दूर दराज के गांव कोठी, हररई, कारोपानी पहुंचकर बैगा परिवारों के बीच पहुंचकर संवाद किया और सर्वेक्षण के बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी जुटाई। इस दौरान जनपद के सीईओ श्री कोरी ने आशाराम, इंद्रपाल, भगवान दास बैगा,ज्ञानी बाई, पान बाई, सुरतिया बाई, प्रमोद बैगा, राम सिंह बैगा, अजय सिंह बैगा, चैन सिंह बैगा, कृष्ण कुमार बैगा भोला बैगा, कैलाश बैगा, लल्लू बैगा,भल्लू बैगा से वार्तालाप कर जीवन यापन और भरण पोषण के साधनों पर चर्चा की। राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप पात्रता एवं प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत बैगा समुदाय के परिवारों को पक्के आवास स्वीकृत कर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस दौरान जनपद के सीईओ श्री कोरी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्माण अधीन नाला सुदृढ़ीकरण कार्य का अवलोकन किया एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण समय सीमा में किए जाने के निर्देश निर्माण एजेंसी और तकनीकी अधिकारियों को दिए।

### संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित हुये शिविर

## हितग्राहियों को योजनाओं से करें लाभांवित, कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद पंचायत कटनी, विजयराघवगढ़, बड़वारा, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, रीठी, के कुल 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुये।

ग्राम पंचायत भुडसा, भजिया सलैया कुआं,भखरवारा, सिमरिया, ठिररी , लखापतेरी, जरवाही, डांग , बरहटा, पोनिया और सुरमा में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान लगाये गये शिविर में केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में पहुँचे एलईडी युक्त प्रचार रथ से केंद्र शासन की जन कल्याण की योजनाओं तथा नवाचारी योजनाओं से देश मे हुये विकास की जानकारी भी जन सामान्य को दी गई। ग्राम पंचायत जरवाही में विधानसभा मुड़वारा के विधायक संदीप श्री प्रसाद जायसवाल ने उपस्थित होकर हितग्राहियों से रूबरू संवाद किया और स्वयं भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। विधायक श्री जायसवाल ने योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे, यह निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। वही भखरवारा में विधानसभा बहोरीबंद के विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने विकसित संकल्प यात्रा में पहुंचकर ग्रामीणों को लाभ दिलाने हेतु अधिकारियों को तत्परता पूर्वक यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। और शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ प्रदाय करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

शिविर के प्रारम्भ में प्रधानमंत्री के रिकार्डेड सन्देश का प्रसारण प्रचार रथ से किया गया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों को वर्ष-2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। शिविर में केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये।

शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी प्रमुख योजनाओं के तहत हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया और उन्हें जानकारी दी गई।

इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित, जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, जग्गी पटेल, भागीरथ पटेल, नवीन साहू हितग्राहियों, ग्रामीणों एवं सेक्टर के नोडल अधिकारी की उपस्थिति रही।



## नागपुर ने भोपाल टीम को 7 रनों से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में शुक्रवार को स्पर्धा का अंतिम आठवाँ लीग मैच भोपाल और नागपुर के बीच खेला गया। जिसमें नागपुर टीम ने रोमांचक मुकाबले में 7 रनों से मैच पर जीत दर्ज कर क्वार्टर में पहुँच गई। नागपुर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 20 ओवर में 161 रनों का स्कोर खडा किया। नागपुर की ओर से बल्लेबाज अहान ने सबसे अधिक 64 रन बनाए।जवाबी पारी में भोपाल टीम 154 रन ही बना सकी। मैच में नागपुर के खिलाडी अहान जोशी को मैन आफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बडी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। स्पर्धा में आज 6 जनवरी को बनारस और नागपुर के बीच चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा। खेल विकास समिति अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने खेल प्रेमियों से पहुँचने की अपील की है।

## खबर का असर : बड़े सटोरिए पुलिस गिरफ्त से बाहर

# पुलिस ने सटोरियों पर की कार्यवाही सट्टा कारोबारियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Katni Bhoomi - 04 Jan 2024 - Page 3

पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे फल फूल रहा कारोबार

**बेखौफ चल रहे फड़, सट्टा कारोबारी कानून व्यवस्था का उड़ रहे मजाक**

अनुविभाग के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में खुलेआम सट्टे का कारोबार काफी लंबे अरसे से फल फूल रहा है जिसकी खबरें लगातार हरिभूमि में प्रकाशित की जा रही थी जिसे हटा पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को अभियान चलाकर नगर व क्षेत्र के सात सटोरियों को धर दबोचा लेकिन बड़े सटोरियों तक हटा पुलिस के हाथ अभी नहीं पहुंच सके हालांकि हटा टीआई मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को की गई कार्यवाही से नगर के सटोरियों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। जहां शुक्रवार की सुबह से शाम तक हटा पुलिस ने सट्टा की बुकिंग कर रहे 7 सटोरियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कृष्ण कांत उर्फ आशीष राजपूत उम्र 30 वर्ष पिता नेपाल सिंह राजपूत निवासी गौरीशंकर वार्ड को चण्डी चौराहे से 480 रुपए की सट्टा पर्ची के साथ पकड़ा है। इसी क्रम में अशोक पिता गौरीशंकर पटेल निवासी संजय वार्ड को भी चण्डी चौराहे से 1000 रुपए की सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया है। वही रवि सिंह पिता तेज सिंह लोधी निवासी ग्राम कंजरा को ग्राम में स्कूल के सामने से 140 रुपए की सट्टा पर्ची वहीं छुट्टन पिता केशव सिंह लोधी निवासी भटिया को 280 रुपए की सट्टा पर्ची सहित एवं शैलेंद्र पिता जमना प्रसाद प्रजापति निवासी गौरीशंकर वार्ड को राय तिगड्डा से 180 रुपए की सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया है। वही विष्णु रैकवार पिता रमेश रैकवार निवासी बालाजी वार्ड को नगर के बस स्टैंड से 540 रुपए की सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया व राकेश उर्फ चिंके पिता अयोध्या प्रसाद नामदेव निवासी बालाजी वार्ड को नगर के बस स्टेंड से 760 रुपए की सट्टा पर्ची के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्यवाही हटा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के मार्गदर्शन में एसआई रामकुमार ठाकुर,एसआई सौरभ शर्मा सहित प्रधान आरक्षक अखिलेश तिवारी, नारायण सिंह जाट,महेंद्र बाबू, प्रधान आरक्षक रूपेश तिवारी,प्रधान आरक्षक जमीर खान,पवन पटेल की सराहनीय भूमिका रही। हालांकि शुक्रवार को हटा पुलिस द्वारा सटोरियो पर की गई कार्यवाही चर्चा का विषय रही लेकिन यह भी चर्चा की जा रही है कि अभी सिर्फ हटा पुलिस की गिरफ्त में छोटी मछलियां ही फंसी हुई है सट्टे के बड़े कारोबारी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं लेकिन हटा पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही सट्टा के बड़े अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही की जावेगी और हटा क्षेत्र को सट्टा मुक्त बनाया जावेगा।

## विभागीय योजनाओं का ठीक से हो क्रियान्वयन-राज्यमंत्री श्री पटेल



**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने मंत्रालय में कार्यभार गृहण करने के पश्चात विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन करने निर्देश दिये। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अपर सचिव अनुराग चौधरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संचालक डॉ आरके मेहिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति के संबंध में भी निर्देश दिये। श्री पटेल ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग से संबंधित संकल्प पत्र के बिंदुओं के क्रियान्वयन संबंधी योजना तैयार करने के निर्देश भी समीक्षा बैठक में दिये।उन्होंने प्रदेश में पशुधन की स्थिति,गौशाला,विभाग द्वारा संचालित एम्बुलेंस,कॉल सेंटर आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिये। प्रमुख सचिव गुलशन बामरा द्वारा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन,वित्तीय लक्ष्य एवं उनकी पूर्ति संबंधी की जानकारी सहित विभाग से संबंधित अन्य जानकारी से राज्यमंत्री श्री पटेल को अवगत कराया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला टास्क फोर्स की त्रैमासिक बैठक 09 जनवरी को

**दमोह।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (डी.सी.डब्लू.पी.सी.) मिशन वात्सल्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सह किशोर सशक्तिकरण बाल विवाह एवं बाल हिंसा रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता में 09 जनवरी 2024 को कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टी.एल. बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह ने संबंधित अधिकारियों से उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### मारपीट के मामले में न्यायालय ने दोषमुक्त घोषित किया

**रीवा।** न्यायालय श्री मान न्यायिक दंडाधिकारी रीवा ( मध्य प्रदेश) समक्ष श्रीमती अदिति अग्रवाल जी ने प्रकरण क्रमांक 1256/2013 शासन बनाम समीम उर्फ लाला दाय वगैरह के मामले मे दिनांक 4/01/2024 को निर्णय पारित कर दोनो आरोपी समीम उर्फ लाला दाय व सफीक उर्फ बल्ला को दोषमुक्त घोषित किया। फरियादी ने थाना सिविल लाइन जिला रीवा मे दिनांक 18.4.2013 को रिपोर्ट लेख कराई थी कि रास्ता रोक कर आरोपियों ने नसा करने के लिए पैसे की मांग की, हल्ला गुहार करने पर मुँह दबाकर एकांत मे उठा ले गए थे एवं दोनो आरोपियों ने भद्दी भद्दी गाली देकर व जान से मारने की धमकी देकर लात- घूसों से काफी मारपीट की थी तथा आरोपी सफीक उर्फ बल्ला ने अस्तुरा से कई बार किये थे जिससे फरियादी को गंभीर चोटें आई थी फरियादी के वायान और रिपोर्ट के आधार पर थाना सिविल लाइन रीवा पुलिस ने आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक 242/2013 अंतर्गत धारा 341,294,323,324,506 B/34 भादवि पंजीबद्ध किया था न्यायालय ने सभी साक्षियों के साक्ष्य आहूत करने के उपरांत पाया कि अभियोजन प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने मे असफल रहा है एवं निर्णय पारित कर दोनो आरोपियों को दोषमुक्त घोषित किया आरोपी सफीक उर्फ बल्ला की तरफ से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने की।

### मुख्यमंत्री के प्रथम रीवा आगमन परनप सिरमौर से 25 वाहनों के काफिले को सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

**रीवा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रीवा एनसीसी ग्राउंड में प्रथम आगमन व हितग्राहियों के सम्मेलन को लेकर आयोजित सम्मेलन में नगर परिषद सिरमौर की विभिन्न योजनाओं के पात्र व लाभार्थियों से भरे 5 बसों के साथ निकाय से किए गए 20 वाहनों के काफिले को नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉक्टर एस बी सिद्दीकी द्वारा अध्यक्ष नगर परिषद सिरमौर संदीप सिंह एवम पार्षदों की मार्गदर्शन में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । मुख्यमंत्री के रीवा आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉक्टर एस बी सिद्दीकी द्वारा निकाय के वार्ड प्रभारियों को आदेशित किया गया था की प्रत्येक वार्ड से शासन द्वारा संचालित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को रीवा ले जाने के लिए लोगो को घर जाकर सूचित कर आमंत्रण दे । सूचीबद्ध तरीके से निर्धारित वाहनों में एकत्रित कर कार्यालय में लाया गया, सभी को निकाय द्वारा आने जाने के लिए भोजन के पैकेट, पानी उपलब्ध कराया जाकर कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया।

**सीएमओ डॉ एस एस बी सिद्दीकी ने खुद संभाली कमान**

मुख्यमंत्री के रीवा आगमन व एनसीसी ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को बस में बैठाने और उनके भोजन,पानी आदि की समुचित व्यवस्था, बस गाइड, नोडल, निकाय के कर्मचारियों के अलावा डा एस बी सिद्दीकी जी द्वारा स्वयं प्रत्येक बस, बोलेरो में निरीक्षण कर जायजा लिया गया ।

## रामलला के स्वागत के लिए अयोध्या जा रहे पदयात्री पहुंचे चित्रकूट कामतानाथ धाम



हरिभूमि न्यूज ⏩ बनवार

अयोध्या के राममंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार पूरे देश को है। देश के कौने-कौने से राम भक्त अयोध्या पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे ही श्री राम भक्तों का एक जत्था रामदूत चिंतामणि संकट मोचन मंदिर चिलोद चौबीस क्षेत्र से चलकर अयोध्या तक जाने वाली श्री राम पदयात्रा का जगह जगह में भव्य स्वागत किया जा रहा है। यात्रा चित्रकूट कामतानाथ धाम पहुंची है। कामतानाथ धाम की परिक्रमा करते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हो रही है। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री अवध बिहारी विश्वकर्मा मथुरा राय बोहित सिंह ने बताया श्री राम पदयात्रा 511 किलोमीटर की दूरी 25 दिनों में पूरी करके अयोध्या पहुंचेगी। अपनी पूरी यात्रा के दौरान राम भक्त रास्ते में पड़ने वाले गांव, शहर, में श्री राम भक्ति का सबको यह संदेश दे रहे है और आंगें अयोध्या जी की ओर बढ़ते जा रहे है। और वर्षों के इंतजार संघर्ष के बाद भगवान श्री राम एक बार फिर से अयोध्या में आ रहे है और रामललला अपने मंदिर विराजेंगे जिनकी प्राण प्रतिष्ठा 22जनवरी को होगी पूरे देश उत्साह का माहौल है इसके लिए पद यात्री श्री राम भक्त अयोध्या पहुंचे रहे।

### जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 06 जनवरी को दमोह विकासखण्ड के बम्हौरी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हौरी में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत आनू में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के खड़ेरी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत आलमपुर में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत सीगोन में दोपहर 02 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के बेलखेड़ी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलखेड़ी में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत शाहपुर में दोपहर 02 बजे से, हटा विकासखण्ड के हिनौताकला सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौताकला में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत मुराछ में दोपहर 02:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के कुम्हारी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत कुलुवा में दोपहर 01:30 बजे से तथा तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के तारादेही सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटखेड़ा में प्रातः 10 एवं ग्राम पंचायत झमरा में अपरान्ह 03 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

## मन वचन से अपने इष्ट देव पर भरोसा करना चाहिए-भगवतशरण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह



नगर के जबलपुर नाका स्थित परशुराम टेकरी पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा में पं. भगवतशरण शास्त्री ने कहा आज भी हमारी मनोकामना पूरी हो सकती हैं, हमें मन क्रम वचन से अपने इष्ट देव पर भरोसा होना चाहिए। कुंती 14 साल की बच्ची थी उसने मन से दुर्वासा संत की सेवा की 4 माह एक पांव से खडी रही खाना, पीना छोड दिया वस्त्र आभूषण छोड दिए, नींद त्याग दी तो उसे संत से बरदान मिले हमारी सेवा ऐसी होना चाहिए, कि हमारे आराध्य (इष्ट) इसमें प्रसन्न हो जाए इस संसार में कुछ भी असंभव नही हैं, सब संभव हैं भक्त का परिश्रम और परमात्मा की कृपा जब दोनो एक हो जाते हैं तक जीवन में आनंद आता हैं। इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में पुजारी जुगल तिवारी, आरगन पर अरूण तिवारी, सचिन पटेल बोतराई तबला वादन पर हैं। इस अवसर पर श्रृद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## जपं कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक लेंगें राज्यमंत्री

दमोह।

संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी 06 जनवरी को दोपहर 01:30 बजे नोहटा से जबेरा जायंगे। आप 02 बजे जबेरा में जनपद पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक लेंगें। राज्यमंत्री श्री लोधी शाम 04 बजे ग्राम पंचायत जबेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविर में शामिल होंगे। आप शाम 04:45 बजे जबेरा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगें।

### मुख्यमंत्री की जन आभार यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जन आभार यात्रा में आज रीवा पहुंचे। विवेकानंद पार्क कालेज चौराहा से जन आभार यात्रा आरंभ हुई। मुख्यमंत्री का विवेकानंद पार्क पहुंचने पर ढोल ढमाकों तथा पुष्प वर्षा के साथ लाड़ली लक्ष्मी बेटियों ने स्वागत किया। लाड़ली बहना हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। फूलों से सजे वाहन में मुख्यमंत्री जी जन आभार यात्रा में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए आमजनता के बीच पहुंचे। वाहन में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह मुख्यमंत्री के साथ रहे। मुख्यमंत्री का कालेज चौराहे पर छात्र संगठन तथा खिलाड़ियों ने आत्मीय स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी का अभिवादन किया। जन आभार यात्रा में मुख्यमंत्री को तलवार भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दोनों हाथों से तलवारें चलाकर लोगों का अभिवादन किया।

## सांस्कृतिक विरासतः सैकड़ों वर्ष पुरानी चंडी भरने की परंपरा, आज भी कायम



हरिभूमि न्यूज ⏩ बनवार

जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम बीजाडोगरी मे सैंकडों साल पुरानी चंडी लगनें की परंपरा आज भी कायम है।और वर्ष में एक बार लगनें वाली इस चंडी मेला का उत्साह ग्रामीणों में देखते बनता है। जिसमें चंडी मेला का आनंद लेने के साथ साथ वरेदी नृत्य चंडी मेला का विषेश आकर्षण का केंद्र रहता है। चंडी मेला में बीजाडोगरी सहित आसपास ग्रामों के लोग बड़ी संख्या में मेला का आनंद उठाने पहुंचते है चंडी मैया के दर्शन पूजन के बाद साथ मेला घूमते हैं। जिसमें महिलाएं बुजुर्ग युवा बच्चे चंडी का खूब आनंद उठाते हुए खुशी खुशी घरों को लौटते हैं। ग्राम के भोपाल सिंह ने बताया कि सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा है। जिसकी शुरुआत हमारे पूर्वजों ने की थी जिसका निर्वाहन आज भी करते चले आ रहे हैं बीजाडोगरी मे चंडी मेला एक दिवसीय चंडी मेला लगता है। जिसमे जरूरी सामग्री के अलावा खूब मिठाई खरीदते है और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाईचारे की मिशाल पेश करते हैं घर-घर में चंडी मेला लगने का उत्साह दिखाई देता है बच्चो में चंडी मेला घूमने की विशेष खुशी होती है।

## सकोर में संकल्प यात्रा का आयोजन



दमोह।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में यह यात्रा ग्राम पंचायत सकोर पहुंची। कार्यक्रम में म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, हटा विधायक उमा देवी खटीक, संयोजक लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। शिविर में ग्राम पंचायत सकोर के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों द्वारा आमजन को शासन की जनकल्याकारी योजनाओं को अवगत कर लाभ लेने की अपील की गई। साथ ही विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने स्टाल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।

### एस.पी. मेमोरियल कान्वेंट एकेडमी हायर सेकेंड्री स्कूल में वार्षिकोत्सव

**रीवा।** जिले रतहरी में स्थित एस.पी. मेमोरियल कान्वेंट एकेडमी हायर सेकेंड्री स्कूल में हर्ष उल्लास के साथ वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया वार्षिकोत्सव दिवस पिछले वर्षों को प्रतिबिंबित करने , संकल्पनाओं का जश्न मनाने और नए संकल्प लेने का समय होता है कार्यक्रम प्रथम महिला शिक्षिका नारी शिक्षा की जननी माता सावित्रीबाई फुले जी के जन्म जयंती की अवसर पर 3जनवरी 2024 को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हमारी संस्था के बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से अध्यात्म, साधना और संस्कार दिखाते हुए बहुत ही मनमोहक दृश्य दिखाया जिसमें अध्यक्षता कर रहे संस्था संस्थापक परम सम्माननीय मास्टर बुद्धसेन पटेल जी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम न केवल छात्र छात्राओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच भी प्रदान करते हैं और साथ ही छात्रों शिक्षको और सहायक स्टाफ सदस्यों के प्रयासों को स्वीकार करते हुए सराहना की संस्था प्राचार्य पुष्पराज पटेल जी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कविता के माध्यम से कहा कि सफलता और मंजिल का शिक्षा ही किनारा है बदल दिया जीवन जिसने शिक्षा ही वो सहारा है । मंच संचालन कर रहे शिक्षक उमेश मिश्रा जी ने बहुत ही रोचक समा बांधा एवं संगीत शिक्षक शुभम तिवारी जी,अमित सोनी,सत्यम पांडे एवं साथ में स्कूल के बच्चों समीर पटेल ,सोम रजक ,आर्यन पटेल ने समा बांधा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रुप से उपस्थित सह संस्थापक सावित्री बाई फूले राज्य स्त्री सम्मान से सम्मानित माता कमला पटेल जी , डॉ. वी.बी सिंह, डॉ.अभिलाष सिंह. डॉ. सौरभ पटेल ,एड शिव सिंह संयोजक संयुक्त किसान मोर्चा ,पूर्व पार्षद वार्ड 15 अशोक पटेल झब्बू ,यातायात थाना प्रभारी रीवा अखिलेश कुशवाहा, रामपाल सिंह सेंगर जनपद सदस्य , समाजसेवी परमजीत डंक ,सावित्री शिक्षा सदन संचालक डी. पी .पटेल,डॉ राजीव सिंह, शिक्षक पतिराज सिंह ,डॉ उमेश पटेल संचालक जॉन मिशन स्कूल ,संत कुमार पटेल किसान मोर्चा ,उमाशंकर कुशवाहा समाजसेवी, दिनेश सिंह ओबीसी ,दिनेश डायमंड सरदार सेना ,उमेश पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन ,सविता विश्वकर्मा प्राचार्या सद्गुरु नर्सिंग कॉलेज , डायरेक्टर मनीष पटेल ,प्रभारी प्राचार्या लॉर्ड बुद्धा स्कूल आफ नर्सिंग साधना पटेल, एचओडी मृगेंद्र पटेल ,विश्वनाथ चोटी वाला प्रदेश प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन , आई. एन.एच. न्यूज चैनल के डिवीजन हेड राहुल दुबे, विवेक नामदेव बीआरसी रीवा,बृजेश तिवारी शिक्षक, अमरीश पटेल युवा समाजसेवी ,दीपक पटेल युवा कलाकार ,राहुल तिवारी अंसुईया सिक्योरिटी सर्विस संचालक, छत्रपति शाहूजी शिक्षा महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र मणि पटेल ,रामसखा पटेल बाबूजी, आशना पटेल, शशिकला द्ववेदी , यकृति विश्वकर्मा , स्कूल परिवार से जिसमे मुख्य रूम से सह संचालक ज्योती सिंह ,उप प्राचार्य राजकुमार अहिरवार , गगन परसाई ,विपिन सिंह पटेल , प्रद्युमन त्रिपाठी , ज्ञानेंद्र कुशवाहा , ,लक्ष्मी पटेल ,पूर्णिमा चतुर्वेदी, आशू पटेल ,ममता पटेल ,पूर्णिमा शुक्ला को सम्मान किया गया।

## रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोंडी जायेगी - मुख्यमंत्री




**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। कृषि क्षेत्र में विकास के साथ-साथ रोजगार परक विकास के लिये नवीन उद्योग स्थापित होंगे तथा रीवा जिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उक्त उद्गार रीवा में आयोजित जनसभा में व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने 337.90 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया तथा हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में जन आभार यात्रा के उपरांत एनसीसी मैदान में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पूर्व से संचालित सभी विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा तथा पूर्व की कोई भी योजना बंद नहीं होगी। डॉ. यादव ने कहा कि रीवा में संचालित कृषि उपज मंडी को सर्वश्रेष्ठ मंडी बनाया जायेगा तथा संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना में राशि की कोई कमी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यों के विकेन्द्रीकरण के उद्देश्य से भोपाल के वल्लभ भवन से बाहर निकलकर संभाग, जिला एवं मोहल्लों व गली-गली में विकास के आयाम के अनुसार बैठकें आयोजित की जा रही हैं ताकि वहां की वस्तुस्थिति से अवगत हुआ जा सके तथा आगे की कार्ययोजना बन सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के साथ सनातन धर्म व संस्कृति को सर्वोच्च स्थान पर रखकर आगे बढ़ने के सभी कार्य प्राथमिकता से होंगे। हमें अपनी गौरवमयी संस्कृति पर गर्व है। इसे शामिल कर विकास के सभी कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि रीवा में सनातन संस्कृति को बचाने के लिये अनेकों लोगों ने बलिदान दिया है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खनिज क्षेत्र से जुड़े जिलों में सब्सिडी देकर खनिज आधारित उद्योगों को आगे बढ़ाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने रीवा में जन आभार यात्रा में हुए अभूतपूर्व स्वागत के लिये हृदय से धन्यवाद दिया तथा रीवा वासियों को आश्वस्त किया।

## खबर संक्षेप

### प्रारूप प्रकाशन संबंधी बैठक आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के कार्यक्रम अनुसार प्रारूप प्रकाशन आज 6 जनवरी को जिले की विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 54- पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा के समस्त मतदान केन्द्रों पर किया जाना है। जिस संबंध में बैठक आज 06 जनवरी को दोपहर 01 बजे से जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट दमोह के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारंभ प्रकाशन 06 जनवरी 2024 की मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव को प्रदान की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से आग्रह किया है कि उक्त आयोजित बैठक में निर्धारित दिनांक एवं समय पर स्वयं उपस्थित होने का कष्ट करें, अथवा किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

### समस्याओं के निराकण हेतु शिविर आज

**दमोह।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड दमोह शहर वितरण केन्द्र किल्लाई नाका परिसर में आज 06 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बिजली उपभोक्ता बिल संबंधी समस्या/शिकायतों का निराकरण करवा सकते है।

### दो दिवसीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**दमोह।** शहर के तहसील ग्राऊड में दो दिवसीय दिनांक 6 जनवरी 2024 से 7 जनवरी 2024 पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जिसके आयोजक दमोह फिजीकल अकेडमी के आशुतोष मिश्रा, हेमराज अठया, राहुल ठाकुर, सुधीर पटेल. ओम मिश्रा, संदीप सिंह है। जिसका प्रथम पुरुस्कार राशि 21000 एवं द्वितीय पुरस्कार राशि 11000 रखी गयी है। आप दमोह के समस्त कबड्डी प्रेमी सहमित्र सहित सादर आमंत्रात है।

### ब्रजेश कुमार सिंह होंगे एसडीएम तेंदूखेड़ा

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अधिकारियों में कार्य विभाजन किया है, अब अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तेंदूखेड़ा अविनाश रावत जिला कार्यालय दमोह में एवं डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह अब अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तेंदूखेड़ा में आगामी आदेश पर्यंत तक होंगे।

### गणतंत्र दिवस समारोह तैयारी बैठक 9 जनवरी को

**दमोह।** पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन 26 जनवरी 2024 को किया जायेगा। उक्त अवसर पर समारोह की तैयारी बैठक 09 जनवरी 2024 को टी.एल. बैठक के साथ अपरान्ह 03 बजे से जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने समस्त कार्यालय प्रमुखों से उक्त तैयारी बैठक में उपस्थित होने के लिये कहा है।

### प्रमिला दुबे का निधन



**दमोह।** जिले के पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त श्री जगदेव प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी एवं युवा समाजसेवी प्रकाश दुबे की मां श्रीमती प्रमिला दुबे का दुखद निधन हृदय गति रुक जाने से हो गया जिनका अंतिम संस्कार शहर के सिंधी धर्मशाला स्थित शमशान घाट में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### घने कोहरे के साथ बारिश, पटेरा में पूर्व मप्र में सर्वाधिक बारिश दर्ज

# बारिश के साथ शीतलहर जनजीवन रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पिछले दो दिनों से चल रही शीतल बयारों शुक्रवार को अपने चरम पर रही। गुरूवार रात से ही जिले में कई जगह बारिश का दौर शुरू हो गया जो रात भर रूक रूक कर चलता रहा। शुक्रवार को दिन भर कही तेज तो कही बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच लोगो ने जबरदस्त ठंड का अहसास किया।वहीं बारिश के बीच कोहरे की मौजूदगी के कारण भी वाहन चालकों को वाहन चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के आकड़ो के अनुसार न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश के आंकाड़ो में जिले के पटेरा क्षेत्र में सबसे अधिक बारिश हुई जो कि पूर्वी मप्र रीजन में सर्वाधिक है। वही जिले में कुल दो एमएम वर्षा दर्ज की गई। पिछले दो दिनों से लोगो को सूर्य देव के दर्शन नहीं हुये जबकि शुक्रवार को कुछ देर के लिये धूप निकली लेकिन तीव्रता बेहद कम रही। मौसम विभाग द्वारा अभी एक दो दिन इसी तरह के मौसम रहने का अनुमान जताया जा रहा है। साथ ही बादल छटते ही जबरदस्त ठंड होने का भी अनुमान है।

समूचे जिले के साथ अनुविभाग हटा क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह से लेकर शाम तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा रुक रुक कर हो रही रिमझिम बारिश के कारण वातावरण में कोहरे के बीच धुंध दिखाई दे रही थी। शुक्रवार को दिन भर बादल छाने और रिमझिम बारिश से शारदा हवाएं चल के कारण समुचित क्षेत्र के दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है पिछले 24 घंटों में मैं दिन के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। हवाओं का रुख अभी उत्तरी और उत्तर पूर्वी बना हुआ है उत्तर भारत की तरफ से हवाओं के साथ कोहरा भी आ रहा है इस कारण से समूचे क्षेत्र में अभी भी बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

#### शीत लहर से बचने की अपील

हटा सीबीएमओ अमन श्रीवास्तव वह मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर यू एस पटेल नहीं बताया कि शीतलहर व शीतलहर को लेकर लोगों से सावधानी बरतने होगी। उन्होंने कहा कि इस मौसम में सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाइपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी का डर रहता है। शीतघात से लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

#### फसलों की ग्रोथ बढ़ेगी, मावठा अमृत समान

इस साल बीते महीने में ठंड नहीं पड़ने और मावठा नहीं गिरने से फसलों की ग्रोथ नहीं हो पा रही थी लेकिन नए साल में मावठे की बारिश होने और ठंड बढ़ने से फसलों की ग्रोथ बढ़ेगी जिससे पैदावार में इजाफा होगा साथ ही जो किसान सिंचाई कर रहे हैं उन्हें सिंचाई भी नहीं करना पड़ेगी।

### मौसम में फल-फूल एवं सब्जियों को सुरक्षित रखने दी सलाह

**दमोह।** कृषि वैज्ञानिक मनोज कुमार अहिरवार ने बदलते हुए मौसम को दृष्टिगत रखते हुए फल-फूल एवं सब्जियों वाली फैसलो को कैसे अच्छे तरीके से सुरक्षित रख सकते हैं, के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया सब्जी वाली फसलों में जैसे टमाटर, शिमला मिर्च, मिर्ची अन्य फसले खेतों में फल एवं फूल रही है, आलू अभी कंद बनने की अवस्था में है, फलदार पौधों में आम, नींबू और फूलों वाले पौधों में गुलाब, मेरीगोल्ड और भी अन्य ऐसी फसले हैं इनमें क्या-क्या सावधानी रखना है इसके बारे में बताते हुए कहा सर्वप्रथम जहां भी पौधे लगे हुए हैं उनमें हल्की सिंचाई करें, हल्की सिंचाई के साथ-साथ खेत और बाग-बगीचों में शाम के समय धुआ अवश्य करें। उन्होंने कहा कुछ ऐसे पोषक तत्व या माइक्रोन्यूट्रिएंट जिसमे सल्फर या जिंक का यदि स्प्रे करते हैं, चाहे जमीन में हो या फोलीयर स्प्रे के रूप में हो, इससे हम फसलों को अच्छे तरीके से बचा सकते हैं। यह दो से तीन चीज किसान भाई करें और निरंतर सतत खेत का निरीक्षण करते रहे।

## पटेरा में मतदान शांति पूर्ण सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के पटेरा नगर परिषद के चुनाव मे 2023-24 वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद के लिए चुनाव प्रातः 07 बजे से शाम 05 बजे तक सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल वोटिंग 519 में से 180 पुरुष, 164 महिला इस प्रकार 344 कुल वोट डाले गये। यहां मतदान 63.6 प्रतिशत रहा। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेश सोनी, रिटर्निंग ऑफ़िसर रघुनन्दन चतुर्वेदी, सेक्टर ऑफ़िसर कृपाल आठया, थाना प्रभारी टी आई रवींद्र बागरी, सीएमओ प्रेम सिंह चौहान, निर्वाचन आरओ के साथ राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर मुकेश गूजरे, दिलीप जोशी ने मतदान दिवस में मतदान दल को आवश्यक सहयोग किया। बिना रुकावट मतदान निर्विघ्न संपन्न हुआ। ईव्हीएम पटेरा तहसील में रखी गई। यहां 24 घंटे के लिए पुलिस के चार जवान तैनात रहेंगे। 09 जनवरी को पटेरा तहसील में चुनाव का नतीजा घोषित किया जायेगा।

### रिमझिम बारिश व ठंड के बीच उत्साह के साथ किया मतदान

**हटा।** जनपद पंचायत हटा अंतर्गत आनें वाली ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में सरपंच पद हेतु उप निर्वाचन शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रिमझिम बारिश व कड़कड़ाती ठंड में मतदाताओं ने उत्साह व उमंग के साथ अपने सरपंच को चुनने के लिए ईवीएम मशीन से मतदान किया जिसमें सरपंच पद हेतु अपनी किस्मत आजमा रहे पांच प्रत्याशियों के भाग का फैसला मशीन में कैद हुआ जो आगामी 9 जनवरी को तहसील कार्यालय हटा मैं सरपंच के भाग का फैसला सबके सामने होगा। शुक्रवार को हुए हरदुआ सड़क ग्राम पंचायत सरपंच पद हेतु चुनाव की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारंभ होकर 3 बजे संपन्न हुई जहां सुबह से ही मतदान प्रक्रिया के पूर्व रिमझिम बारिश हुआ शीत लहर की कड़कड़ाती ठंड में पंचायत अंतर्गत बनाए गए तीन मतदान केन्द्र क्रमांक-127 प्राथमिक शाला भवन हरदुआ सड़क मतदान केन्द्र क्रमांक 128-प्राथमिक शाला भवन भाग-1 घुटरिया एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 129-प्राथमिक शाला भवन भाग- 2 घुटरिया में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया जिसमें आरक्षित अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित पांच प्रत्याशी सरपंच पद हेतु अपनी किस्मत आजमा रही महिलाओं में दीपा रानी राजगोंड, कुसुमरानी, सुनयना, रेशु शैलेन्द्र मुड़ा एवं संतोषी मुंडा शामिल रही जिसमें कुल 1260 मतदाता में से 1051 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 544 पुरुष एवं 507 महिलाओं ने मतदान किया। निष्पक्ष मतदान हेतु कलेक्टर दमोह के निर्देशन में एसडीएम रीता डेहरिया के नेतृत्व में नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार एवं हटा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के अलावा गैसाबाद, मडियादो, रनेह थाना प्रभारी के साथ पुलिस बल द्वारा मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रही जिससे उप निर्वाचन की प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई। ईवीएम मशीन से कराए गए उप निर्वाचन उपरांत आगामी 9 जनवरी को तहसील कार्यालय हटा से सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी प्रत्याशियों व संतों के समक्ष मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी।



## सभी सुखी, समृद्ध हो यहीं प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य- राज्यमंत्री

### संकल्प यात्रा में पहुँचे राज्यमंत्री श्री लोधी



**दमोह ।** अभी हमारा देश विकासशील देश है, विकसित भारत भारत का मतलब हैं, हर गांव, हर नगर, हर शहर में मूलभूत सुविधाएं हैं, वह सभी को प्राप्त हो। गांव, नगर और शहर का हर आदमी सुखी हो, समृद्ध हो और संपन्न हो ऐसी परिकल्पना लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चल रहे हैं। प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी जी का जो संकल्प है वह वास्तव में इस देश को परम वैभव के शिखर पर ले जाने का संकल्प है। इस आशय की बात संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने ग्राम पंचायत घांघरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प शिविर में कही। उन्होंने कहा इस देश को नबंर एक का देश बनाने का संकल्प हैं, इस देश को सबसे ताकतवर देश, सबसे शक्तिशाली देश बनाने का संकल्प हैं। शासकीय अमले के माध्यम से आपके आवेदन लिए जाएंगे और उन आवेदनों के माध्यम से जो हितग्राही वंचित हैं, उन हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने का काम ग्रामीण स्तर पर पहुंच कर अधिकारी-कर्मचारी करेंगे। राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा गांव के लोगों को कहीं पर चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, आपकी सरकार आपके द्वार पर आकर आपकी समस्या सुनने का काम कर रही है, कितनी अच्छी परिकल्पना हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दी कि हमारी जनता को परेशान नहीं होना पड़ेगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया है कि एक साइबर तहसील बनाई जाएगी। आम आदमी छोटे-छोटे बंटवारों, नामंत्रण को लेकर भटकता रहता हैं, ऑफिसो के चक्कर लगाता रहता हैं, जो विवादित प्रकार के नामांतरण हैं, वह सही सभी साइबर तहसील के माध्यम से ऑनलाइन अप्लाई करेंगे और 15 दिन के अंदर आपकी समस्या का निराकरण होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी ने तय किया कि हम हर गरीबों को पक्का मकान बनाकर देंगे, जिसके तहत घॉघरी ग्राम पंचायत में 473 लोगों के प्रधानमंत्री आवास बनाकर तैयार हो गए हैं, गरीब आदमी की पूरी जिंदगी निकल जाती थी लेकिन दो कमरे का मकान नहीं बना पाता था, अब देश में ऐसे प्रधानमंत्री आए हैं जिसने गरीबी देखी है। पिछले 7 से 8 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के पूरे देश में चार करोड़ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास के मकान बना कर दिए हैं, यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है, जिनके आवास रह गए हैं उनको भी आवास देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी, इसमें थोड़ा समय लग सकता है लेकिन मकान बनाने की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी और प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत जो लोग रह गए हैं उनके भी मकान बनाकर देने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। उन्होंने कहा इस बार के जो संकल्प है वह वास्तव में अद्भुत है, अभी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी राम मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। राम मंदिर का उद्घाटन कोई छोटा उद्घाटन नहीं है राम मंदिर की लड़ाई 500 साल की लड़ाई है और 500 साल बाद रामलला जहां पैदा हुए थे उसी जगह पर मंदिर बन गया है, रामलला वहां पर विराजमान होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा मैं आपसे आग्रह करता हूं कि 22 जनवरी को हर घर में दीपावली का माहौल होना चाहिए। देश फिर से परम वैभव के शिखर पर पहुंचे, फिर से विश्व गुरु के शिखर पर पहुंचे इसके लिए निरंतर काम होंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न विभागो के अधिकारियों ने योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### सिमरी खुर्द निकाली गई अक्षत कलश यात्रा



**बनवार।** सिमरी खुर्द ग्राम में अयोध्या से आए अक्षत कलश की पूजन के साथ शोभायात्रा निकाली गई ग्राम के देवी देवता मंदिरों पर अक्षत कलश का विधि विधान से पूजन किया गया। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ ग्राम में अक्षत कलश यात्रा निकल गई। यात्रा ग्राम के मुख्य मार्ग से होती चल रही थी। इस दौरान श्रद्धालु कलश यात्रा के साथ श्री राम की भक्ति में मग्न होकर नाचते गाते चल रहे थे। कलश यात्रा का जगह-जगह पूजन कर स्वागत किया गया ग्राम के मिलन राठौर ने बताया सभी लोगों को अक्षत देकर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता दिया गया। ग्राम भ्रमण के बाद वापस कलश यात्रा मंदिर पहुंची जहां कलश यात्रा का समापन किया गया।

## भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के 29 वर्ष पूरे होने पर, आज 5 जनवरी 2024 को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम पतंजलि योग समिति एवं मध्य प्रदेश योग आयोग के द्वारा योग कक्षा के साथ-साथ पतंजलि योगपीठ के द्वारा संचालित आचार्यकुलम, गुरुकुलम, एवम हेल्थ वेलनेस सेंटर, हरिद्वार के बारे में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा विस्तार से बताया गया, बेलाताल टापू स्थित हनुमान मंदिर पर अग्निहोत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के जिलाअध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत, उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वस्थ महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनीता राजपूत ने भारत स्वाभिमान की स्थापना दिवस पर हवन पूजन किया। समिति सदस्यों ने न्यू दमोह स्थित दमयंती नगर स्थित पतंजलि पार्क में औषधीय पौधों का रोपण किया। मध्य प्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष जिलाअध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत ने सभी दमोह नगर वासियों से योग और आयुर्वेद को अपने जीवन में प्रथम स्थान पर रखने हेतु आग्रह किया। ताकि बीमारी और महामारियों से बचा जा सके, उन्होंने बताया कि योग, प्राणायाम,आसन, आहार विहार का पालन नियमित करने से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है, जिससे बीमारियां अपने आप ही स्वतह ही दूर हो जाती हैं, आयुर्वेद चिकित्सा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। इनका कोई साइड इफेक्ट नहीं है, यह सीधे सिस्टम पर काम करता हैं और रोग मुक्त करता हैं।

## दूसरे दिन भी विभिन्न वार्डों में पहुंची मोदी की गारंटी वाली गाड़ी



**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी दूसरे दिन जिले के दो अलग-अलग स्थानों में हरसिद्धि माता मंदिर चौराहा एवं बड़ापुरा पर शिविर आयोजित किए गए। सभी विभागों के अधिकारी पहुंचे एवं शिविर में पहुंचकर हितग्राहियों द्वारा अपने-अपने आवेदन दिए, उनकी समस्याओं का तुरंत निराकरण करने का प्रयास संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संजय सेन एवं रमन खत्री विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर संजय सेन ने कहा मोदी की यह गारंटी वाली गाड़ी आज आपके वार्ड आई हैं, आपकी कोई भी समस्या हैं आवेदन दीजिए और तुरंत निराकरण पाइए। सरकार द्वारा लगातार जनहित के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा विकास यात्रा, विकास पर्व या विकसित भारत संकल्प यात्रा इन माध्यमों से विभिन्ना योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाती हैं और उनकी समस्या का निराकरण संबंधित विभागों के अधिकारी करते हैं। रमन खत्री ने कहा यह शिविर भारत देश के सभी जिलों, ब्लॉकों में लग रहे हैं, इन शिवरों में जनता की समस्या का निराकरण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा नगर पालिका से लोगों की अपेक्षाएं जुड़ी रहती हैं और हम अधिकारियों से यह निवेदन करते हैं कि वह भी इमानदारी से अपना कार्य करें। उन्होंने कहा शिविर मात्र औपचारिकता भर में ना रह जाए, इन शिवरों से जनता निराश ना लौटे, सभी के कार्य किए जाएं। कार्यक्रम में रामलाल उपाध्याय, राकेश गुरु, कविता राय, यशपाल ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मेघ तिवारी, अरशद खान, हिना खान, धीरज घारू, संतोष रोहित, सुनील सोनी, निलेश सिंघई, राजू नामदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, आमजन मौजूद रहे।

## हॉकीः दमोह ने जीता मैच



**दमोह।** हॉकी दमोह का विजय अभियान हॉकी मध्य प्रदेश अन्तर जिला हॉकी प्रतियोगिता मे आज खेले गये मैच मे हॉकी दमोह ने शानदार प्रदर्शन कर प्रतिद्वंदी टीम को 2-1 गोल से पराजित कर अगले दौर मे प्रवेश किया। कोच इमरान तथा तरुण नामदेव की कुशल रणनीति से टीम ने विजय प्राप्त की। टीम की विजय पर विधायक जयंत मलैया, डा अजय लाल, हरिशंकर भगवान सिंह, कफील, राजेश सालोमन, राजीव हॉकी दमोह संयोजक विकास जैन, किशन, उमेश यादव असार फैयाज आदि ने बधाई दी है। हॉकी मध्य प्रदेश अन्तर जिला इटारसी मे तीन जनवरी से प्रारंभ है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम सदगुवा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज पथरिया जनपद के ग्राम पंचायत सदगुवा पहुंची। यहां विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शासन-प्रशासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के आयोजित शिविर में राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। यात्रा के दौरान खरगराम पटेल, महेश पटेल, सुदामा पटेल, कृष्णा पटेल, दिनेश कुर्मी, रोहित जैन, केदार पटेल, रामकुमार पटेल, सरपंच, उप-सरपंच, सचिव, डॉक्टर एवं स्टाफ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन की उपस्थिति रही।